हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024



तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

ट्रेनों की लेटलतीफी से स्टेशन पर हलाकान हो रहे यात्री





## खबर संक्षेप

### धान का बोरा उपर गिरने से मजदूर की मौत

**रायगढ़।** ग्राम फगुरम स्थित राईस मिल में काम करने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें एक मजदूर के उपर धान का बोरा छल्ली लगाते वक्त गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस पूरे प्रकरण में खरसिया थाने की पुलिस अस्पताल की तहरीर पर मर्ग कायम कर मामले को जांच में ली। खरसिया थाने के मर्ग विवेचना करने वाले प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन में बताया कि डोरीलाल खूंटे पिता शौकी लाल खूंटे उम्र 43 वर्ष ग्राम कुधरी तह अड़भार जिला सक्ती का रहने वाला है। मृतक बतौर मजदूर हमाली का कार्य कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करता था। रोजनाकी तरह वह फगुरम स्थित कृष्णा राइस मिल में काम पर गया था। इस बीच दोपहर में धान के बोरी को वह छल्ली बनाकर रख रहा था।यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में ही उसकी मौत होना बताया। इस हादसे के बाद हमालों में भारी रोष नजर आया, सिविल अस्पताल में बडी संख्या हमाल तथा अन्य लोगों की उपस्थिति से गहमागहमी का माहौल बन गया। वे मुआवजा अन्य की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी में जुट गए। इसी बीच सूत्रों के मुताबिक राईस मिल प्रबंधन ने तत्कालीन सहायता राशि दी गई तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की वजह पर जांच पड़ताल आंरभ कर दी है।


### किशोर की फंदे पर लटकती मिली लाश

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र बरौद कालरी में महुआ पेड़ में रस्सी से लटकती मिली जिससे क्षेत्र आसपास में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर मर्ग कायम करते हुए जाँच में जुट गई है वही शव को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। बताए अनुसार मृतक का नाम सूरज यादव उम्र 19 वर्ष निवासी लखीमपुर खीरी बताया जा रहा है मृतक एसईसीएल बरौद के अधीनस्थ कंपनी इंफ्रा कंपनी में गार्ड का काम करता था।

### बाजार व श्रमिकों के कार्यस्थल में जागरूकता अभियान

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अंतर्गत नवाचार करते हुए नए-नए आयोजन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दानसरा और बरमकेला विकासखंड के ग्राम लेन्धरा के बाजार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। दानसरा में इस रैली की शुरूआत मंदिर प्रांगण से किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत बरमकेला के सीईओ प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पिहरा, डुमरपाली और गोबरसिंघा में तालाब गहरीकरण या अन्य कार्य में संलग्न श्रमिकों ने मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ लिया।

### ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 8 को



**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 8 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सह रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय क्षेत्र 02 रायगढ़ की उपस्थिति में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारीए रायगढ़ ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर एनआईसी कक्ष में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

## निगम के पास नहीं जानकारी, ना ही कोई रणनीति

# 500 से ज्यादा घरों में पशुपालन, इसी वजह से शहर की सड़कों पर कम नहीं हो रहे मवेशी





मेन रोड पर विचरण करते मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सडक दुर्घटना और यातायात ये बाधा बने आवारा मवेशियों को हटाने के अभियान में सही तरीके से रणनीति पर काम न हो पाने के कारण अब तक नगर निगम प्रशासन को सफलता हाथ नहीं लगी है।

गौठान बनाकर तथा कदा सडक पर फैले मवेशियों को शहर के बाहर कर दिया गया लेकिन शहर में कितने लोग एक या दो पशुओं का शौकीन तौर पर पशुपालन कर रहे हैं, इसका कोई डॉटा नहीं है। यही वजह है कि शहर की सड़कें अब भी मवेशीमुक्त नहीं हो पाईं हैं। बताया जा रहा है कि शहर में करीब 500 लोग डेयरियों के अतिरिक्त पशुपालन कर रहे हैं।

दरअसल शहर में आवारा मवेशियों और कुत्तो की बढ़ती संख्या तथा इनका आतंक नागरिकों के लिए नासूर बनता जा रहा है। शहर के चारों ओर सडकों पर जानवरों का झुंड और गली मोहल्लों में आवारा कुत्ते लोगों की जान के लिए आफत बन गये हैं। रोजाना दुर्घटना और डाग बाईट की खबरें सामने आए रही हैं लेकिन इन सब के बावजूद नगर निगम के मवेशी मुक्त मार्गों तथा डाग हाउस की योजना अब तक फाईलों में ही कैद है। इसकी बड़ी वजह पालतू पशुओं का सही आंकडा ना होना है। ताजुब्ब इस बात का भी है कि नगर निगम सब कुछ मानकर भी आवारा मवेशियों और कुत्तों के आतंकी पर लगाम लगाने में गंभीरता से रुचि नहीं ले रहा। नतीजन आम नागरिक सड़क से लेकर गली मोहल्लों में ऐसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

### प्लानिंग में ये रहीं कमियां

शहर में डेयरियां होने का दावा किंतु विस्थापन की योजना नहीं । शहर में कितने घरों में पशुपालन हो रहा है इसका आज तक कोई सर्वे नहीं किया गया। दुधारू पशु कितने हैं और अन्य मवेशी कितने हैं, इसका लेखाजोखा न तो पशुपालन विभाग के पास है और न ही निगम प्रशासन के पास। इनके विरुद्ध कार्रवाई की अब तक कोई योजना नहीं बनाई है। सिर्फ सड़कों पर मवेशी निकलने पर पकडने का अभियान भी चलाया है। सांडों को चिन्हित करने और उन्हें किसी जगह विशेष पर ले जाने की दिशा में आज तक कोई भी पहल नहीं हुईए क्योंकि गोशालाओं में इनको नहीं लिया जाता।

### टॉपिक एक्सपर्ट

मवेशीमुक्त शहर के लिए निगम प्रशासन को तमाम पहलुओं पर पहले प्लान तैयार करना होगा और फिर उसको ग्राउंड लेवल पर लागू करना होगा। शहर में ऐसे कई लोग हैं जो शौकीन और धार्मिक मान्यता के अनुसार गोसेवा करते हैं। धार्मिक मान्यता वाले पशुपालक अपने मवेशियों को नहीं छोड़ते लेकिन शौकीन तौर पर पशुपालन करने वाले ये लापरवाही कर रहे हैं। ऐसे लोगों को भी निगम प्रशासन को चिन्हित कराना होगा। सांडों को शहर से बाहर करने के लिए निगम प्रशासन को अलग से एक जमीन आरक्षित करनी चाहिए।

-प्रदीप द्विवेदी, गौ सेवक

# एक्सिस बैंक डकैती में शामिल आरोपियों की गेट पैटर्न एनालिसिस रिपोर्ट आई पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ डकैतों को सजा दिलाने अहम साबित होगी रिपोर्ट

पिछले साल माह सितंबर में शहर में दिनदहाड़े हुए एक्सिस बैंक डकैती में पकड़े गए आरोपियों का कोतवाली पुलिस द्वारा गेट पैटर्न एनालिसिस जांच कराया गया, जिसकी रिपोर्ट डायरेक्टर ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस गुजरात से प्राप्त हुई है।

एक्सिस बैंक डकैती मामले से संबंधित थाना कोतवाली रायगढ़ के धारा 395, 397, 506, 323, 342, 25, 27 आर्म्स एक्ट की प्रकरण में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान स्थापित कराने एवं अतिरिक्त इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन के लिये आरोपियों का उनके गेट पैटर्न एनालिसिस जांच कराने निर्देशित किया गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों का सुव्यवस्थित वातावरण में गेट पैटर्न एनालिसिस करने हेतु उनके चाल.ढाल का सैंपल लेकर परीक्षण के लिए डायरेक्टर ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस गुजरात भेजा गया था जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुई है। यह रिपोर्ट आरोपियों की पहचान पुख्ता करने में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के रूप अहम साबित होगी। आगे भी इस प्रकार की नई.नई तकनीक को उपयोग पुलिस अपराधियों को सजा दिलाने के लिए उपयोग में लाया जाएगा। विदित हो कि एक्सिस बैंक डकैती में रायगढ़ पुलिस को ऐतिहासिक रूप से शत प्रतिशत लूट की रकम बरामद करने और 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

# सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पाली पाली से सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन प्रशिक्षण दिया गया।

मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, एसआर अजय, जेआर बंजारे और थानेश्वर चन्द्रा ने सभी सेक्टर अधिकारियों को बताया कि आगामी 8 अप्रैल तक बुजुर्ग, दिव्यांग एवं ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्र नहीं जा सकते उनका घर बैठे मतदान के लिए चिन्हांकित करेंगे। इसी प्रकार डाकमत के लिए 26 से 28 अप्रैल 2024 तक संबंधित निर्वाचन कार्मिक अपना मतदान करेंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि मंडी परिसर में 6 मई को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा, जिसे प्राप्ति होने पर चेकलिस्ट से मिलान करना होगा। मिलान के बाद सभी सेक्टर अधिकारी अपने अभिरक्षा में मतदान सामग्रियों को सुरक्षित रखेंगे। एक स्थान पर कई सेक्टर अधिकारी उपस्थित होने पर ईव्हीएम मशीनों का एक स्थान पर नहीं रखेंगे, जिससे किसी अन्य सेक्टर का ईव्हीएम किसी अन्य सेक्टर में चला जाए। इसी प्रकार अपने मतदान दल के साथ मतदान केन्द्र के लिए निर्धारित बस में रवानगी करेंगे। सकुशल पहुंचने पर निर्वाचन कार्यालय को सूचना मोबाइल के माध्यम से सूचना देंगे। मतदान के दिन मतदान समय के 90 मिनट पूर्व उपस्थित राजनीतिक दल के एजेंटए मतदाता आदि की उपस्थिति में ईव्हीएम मशीन में कम से कम 50 मतदान का टेस्ट मॉकपोल मतदान प्रक्रिया के तहत करेंगे। ईव्हीएम का बीयू और सीयू पार्ट खराब होने पर पूरा सेटअप बदला जाएगा। व्हीव्हीपैट ;प्रिन्ट मशीनद्ध खराब होने पर सिर्फ व्हीव्हीपैट ही बदला जाएगा। संगवारी मतदान केन्द्र में सभी मतदान दल महिलाएं होंगी। प्रशिक्षण में सभी सेक्टर अधिकारियों को ईव्हीएम अंतर्गत तीनों भाग बीयूए सीयू और व्हीव्हीपैट को कैसे जोड़ा जाता हैए उसे प्रेक्टिकल कर समझाया गया।

## वैन में परिवहन हो रही साड़ी रेडीमेड कपड़े की जब्त

**रायगढ़ ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रभावी आचार संहिता का पालन करने सभी थाना क्षेत्र में उड़नदस्ता व स्थैतिक निगरानी दल सक्रिय होकर विभिन्न मार्गो में वाहनों की जांच की जा रही है । इसी क्रम में आज दिनांक 04/04/2024 को भूपदेवपुर क्षेत्र में सक्रिय उड़नदस्ता दल द्वारा सुबह ग्राम नहरपाली मोनेट कंपनी के पास वाहनों की जांच की जा रही थी । इसी दौरान वैन सीजी 13 यूबी 6764 में काफी संख्या में साड़ी, जींस, रेडीमेड कपड़े वगैरह परिवहन होते पाया गया । वाहन चालक यदुनाथ साहू पिता छोटेलाल साहू उम्र 44 साल निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ को परिवहन सामान के संबंध में बिल पेश करने कहा गया जिसके पास परिवहन संपत्ति का बिल नहीं था । अनावेदक यदुनाथ नाथ साहू द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करना पाए जाने पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर अनावेदक से करीब 1,50,000 रुपए संपत्ति (साड़ी, रेडीमेड कपड़े) की जप्ती की गई है । उड़नदस्ता दल में प्रभारी दिलबादर सिंह झाप, प्रिंस लहरे, सुरून डनसेना, सहायक उप निरीक्षक बी.के. डनसेना शामिल थे।



# सड़क किनारे खतरनाक तरीके से खड़े वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





■ पुलिस टीम ने छातामुड़ा से उर्दना चौक तक चलाया अभियान

मुख्य मार्ग पर विशेष कर ढाबा, पेट्रोल पंप के समीप भारी वाहन के चालक सड़क के किनारे खतरनाक तरीके से वाहन खड़ी कर देते हैं जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर लगातार थानों व ट्रैफिक पुलिस चालानी कार्यवाही और सड़क सुरक्षा को लेकर सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दोपहर नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ आकाश शुक्ला और उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश कुमार चंद्रा के नेतृत्व में ट्रैफिक अमले के साथ पुलिस टीम छातामुड़ा चौंक से बाईपास होते ढिमरापुर चौंक होकर उर्दना चौंक तक सड़क किनारे दोनों और खड़ी दर्जनों वाहन के चालकों पर धारा 283 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर वाहनों को जप्त किया गया। संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध थाना जूटमिल और कोतरारोड़ में अपराध दर्ज किए जा रहे हैं। इस दौरान यातायात पुलिस ने कई वाहन चालकों के मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई भी की गई है। अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई है।

# मुड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर, जल्द बदलेगा स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सारंगढ के सबसे बडे. मुड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर लंबे समय से चली आए रही कवायद अब मूर्त रुप लेने की ओर अग्रसर है। यदि सब कुछ योजनाओं के अनुरुप हुआ तो इसी साल बरसात बाद यह तालाब नए ओर आकर्षक स्वरुप मे नजर आने लगेगा।

इस तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए करीब तीन करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। मुड़ा तालाब के उन्नयन को लेकर चल रहे कार्य की जानकारी देते हुए मुख्य नपा अधिकारी पांडेय ने बताया कि यह कार्य 2 करोड़ 65 लाख 33 हजार का है जिसमें पिंचिंग कार्य 1 करोड़ 30 लाख, चैन इन फेसिंग 75 लाख फुटपाथ निर्माण 13 लाख 64 हजार, लाइटिंग 18 लाख 50 हजार के साथ ही साथ अन्य कार्य सम्मिलित है। कार्य की अवधि अक्टूबर 2024 हैं अर्थात कार्यादेश जारी दिनांक से 12 माह तक निर्माण किया जाना है लेकिन विधानसभा चुनाव, लोक सभा चुनाव अधिसूचना जारी होने के कारण कार्य गति नहीं पकड़ पा रही है वैसे पिंचिंग का कार्य 90त्न हो चुका है बाउंड्री दीवाल निर्माण जोरों पर चल रहा है। राज्य प्रवर्तित योजना वर्ष 2021-22 अंतर्गत मुड़ा तालाब जिर्णोद्धार गहरीकरण पिंचिंग सौंदर्यीकरण करने का आदेश अक्टूबर 23 में दिया गया था। जो निर्माण कार्य निर्धारित गति से हो रहा है। सीएमओ पांडे ने बताया कि कार्य में पूरी तरह से गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है।

उप अभियंता कंवर ने कहा कि कार्य को समय में पूरा करवाने और क्वालिटी पूर्ण कार्य करवाने के लिए मेरे स्वयं के देखरेख में कार्य निर्माण जारी है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सप्ताहभर पहले ग्राम बनहर के पास एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें करीब 25 लोग घायल हो गए थे, जिससे बाकी सभी घायलों के उपचार के बाद छुट्टी मिल गई थी, लेकिन एक युवक को गंभीर चोट लगने के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई है। उल्लेखनीय है कि विगत 27 मार्च को छाल थाना क्षेत्र के ग्राम चीतापाली से करीब 40 लोग एक पिकअप में सवार होकर जामपाली सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बनहर गांव के पास मोड़ में पहुंचा तो पिकअप अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे उतरकर पलट गई थीए जिससे वाहन में सवार करीब 25 लोग घायल हो गए थे, लेकिन 9 लोगों को गंभीर चोट लगने के कारण रायगढ़ रेफर किया गया था, जिससे ऐसे में सभी घायलों को मेडिकल कालेज अस्पताल में उपचार चल रहा था, इस बीच विजय कुमार राठिया पिता तीजराम राठिया 38 वर्ष को गंभीर चोट लगने के कारण डाक्टरों ने अपेक्श अस्पताल रेफर कर दिया था, जिससे विगत सप्ताहभर से विजय का उपचार चल रहा था। ऐसे में बुधवार की सुबह उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई। अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर जुटमिल पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही मर्ग डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी चल रही है।

## नाम निर्देशन के संबंध में मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक

# नामांकन में त्रुटि की गुंजाइश न हो, सजगता से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन के संबंध में गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा की निर्वाचन की प्रक्रिया में नामांकन एक महत्वपूर्ण चरणों में से एक है इसमें त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए प्रत्येक कार्य को सजगता से करें।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 2 रायगढ़ से निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु आने वाले अभ्यर्थियों के लिए कार्यालय के मुख्य द्वार से होकर न्यायालय कलेक्टर के कक्ष में नामांकन दाखिल कर सकेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष में अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावक सहित अधिकतम 5 लोग प्रवेश कर सकते है। यहां फोटोग्राफी पूर्णतः प्रतिबंधित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक की अवधि में नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अनुमति होगी। इस दौरान उन्होंने नामांकन प्रक्रिया, दस्तावेज, चेक लिस्ट जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक अवकाश की तिथि में नाम.निर्देशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि नामांकन पत्र जमा करने पर उसकी अच्छी तरह परीक्षण करें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय हेतु नामांकन से कम से कम एक दिन पूर्व खुलवाए गए बैंक खाते का विवरण देना होगा। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यक्रम की सार्वजनिक घोषणा के पश्चात इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए आरओ, एसएआरओ कार्यालय के साथ निर्वाचन क्षेत्र के भीतर नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत सहित अन्य शासकीय कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा किया जाएगा। जिसमें नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि का उल्लेख होगा। नाम निर्देशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, राष्ट्रीय अथवा उस राज्य में मान्यता प्राप्त दल के अभ्यर्थी हेतु उस निर्वाचन क्षेत्र के 01 प्रस्तावक आवश्यक है। इसी तरह गैर मान्यता प्राप्त परंतु पंजीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं निर्दलीय अभ्यर्थियों को उस निर्वाचन क्षेत्र के कम से कम 10 प्रस्तावक आवश्यक है। इस दौरान मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल द्वारा कार्य विभाजन, नामांकन प्रस्तावक, नामांकन प्रस्तुतकर्ता, अंतिम समय, प्रवेश की सीमा, आरंभिक समीक्षा, चेक लिस्ट, नामांकन रसीद, नामांकन शपथ, समय सीमा, नामांकन पत्र के सहअभिलेख, बैंक खाता और पासबुक की जानकारी दी गई।

# 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

## खबर संक्षेप



### अबकी बार 400 करेंगे पार: रायमुनी भगत

**जशपुरनगर।** गुरुवार को विधायक श्रीमती रायमुनी भगत मनोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंजोरा, जयमरगा, उड़गांव, खरसोता और बुमतेल के दौरे पर रही। विधायक ने ग्रामीणों से कहा भाजपा के अभियान अबकी बार 400 पार को सफल बनाने में सहयोग करें। जशपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक रायमुनी भगत गुरुवार को मनोरा विकासखंड क्षेत्र के दौरे पर रही। ग्रामीणों से जनसंपर्क करते भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया। साथ ही भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान अबकी बार 400 बार को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है। श्रीमती भगत ने बताया केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने सभी लोगों के लिए लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन कर इसका लाभ दिलाया है। विकास कार्यों में गति लाने के बाद अब ग्रामीणों से चर्चा कर और भी विकास कार्य नियमतः विभागीय सहयोग से कार्य योजना बना किया जाएगा, इस कार्य में सभी ग्रामीणों से सहयोग को अपेक्षा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा सिंह पूर्व डीडीसी कृपाशंकर भगत, राहुल गुप्ता, आशुतोष राय, मंडल अध्यक्ष श्यामलाल, महामंत्री सतीश मिंज, मनोज टोप्पो, मंडल उपाध्यक्ष रंजीत भगत, विकास प्रधान, मनोरा सरपंच शिवनंदन भगत, कृष्ण कुमार बुनकर, युवा मोर्चा महामंत्री चन्द्र शेखर स्वर्णकार, अरविंद सिंह, गांव के प्रमुख आनंद भगत अर्जुन भगत, दशराम भगत, सीता राम, संतनु राम एवम ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मतदान कर्मियों का किया गया प्रथम रेंडमाईजेशन



**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन प्रथम रेंडमाईजेशन जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार उपस्थिति में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया। जशपुर जिले के जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव तीनों विधानसभा के लिए मतदान केंद्रों के लिए दल, संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्रों के लिए दल, दिव्यांग मतदान दल और रिजर्व मतदान दलों का प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया।संगवारी बूथ-10, दिव्यांग मतदान दल1, युवा मतदान दल-5, मिश्रित मतदान दल-10 जिसमें मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं 3 पर महिला अधिकारी ड्यूटी लगाई गई हैं। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, डीआईओ संजय खाखा, लाइवलीहुड प्राचार्य अमरनाथ सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### आग से झुलसे ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** महुआ बीनने के लिए पेड़ के नीचे आग लगा रहा ग्रामीण आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा निवासी विद्याधर आ. स्व. अघन साय (54 वर्ष) गत दिन दोपहर घर के समीप महुआ पेड़ के नीचे महुआ फूल बीनने के लिए पेड़ के नीचे पत्ता में आग लगा रहा था। इसी दौरान आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। घटना को देख गांव के ही रविशंकर, अजय कुमार व नकुल किसी तरह आग बुझाकर उसे घर पहुंचाया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## अपनी चुन्नी को बनाया गले का फंदा

# मां की डांट से दुखी नाबालिग ने लगाई फांसी



अस्तपताल में उपस्थित परिजन।



प्रकरण की जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जशपुर जिले में मोबाइल फोन को लेकर अब तक दर्जनों घटनाएं सामने आ चुकी है। ज्यादातर इसमें नाबालिक बच्चों को उनके कर्तब्यों का बोध कराना उनके माता-पिता के लिये चुनौती साबित हो रही हैं.और इन्ही बातों से नाराज होकर नाबालिग बच्चें गुस्से में आकर मौत को गले लगा लेते है।

मामला जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतराटोली में एक कक्षा 11वी में अध्ययनरत 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने महज इतनी सी बात पढ़ाई करो मोबाईल फोन बाद में खेल लेना से नाराज होकर मौत को गले लगाना उचित समझा और गले में अपनी ही चुन्नी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली.अपनी मां की बातों से आहत होकर मौत को गले लगाने वाली बालिका कोतबा हाईस्कूल में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्रा है.जानकारी के अनुसार आज ही मृतिका की माता ने उसे कहा कि पहले पढाई करो बाद में मोबाईल फोन खेल लेना लेकिन वह क्षुब्ध होकर अपनी चुनरी से फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा ली। बरहाल मामले की जानकारी के बाद मार्ग कायम कर कोतबा पुलिस जांच में जुटी हुई है। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।



थाने में बैठे शिकायतकर्ता।

# एसडीओ के खिलाफ कोतवाली में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम घोराघाट पोस्ट लोखंडी विकासखंड के मंजू भगत और सोमारी बाई ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है,कि सीएसपीडीसीएल में पदस्थ एसडीओ आई खान ने उनसे दो लाख रुपए ट्रांसफर लगाने के नाम पर लिए हैं।

घटना कुछ ऐसी है कि घोरागाट की रहने वाली मंजू भगत व सोमारी बाई ने लोन लेकर प्रिया ज्योति फूड फैक्ट्री लगाना चाहती है। जिसके लिए मशीन चलाने के लिए 40 केवी का ट्रांसफार्मर लगाना चाहती है। बिजली विभाग में ट्रांसफार्मर लगवाने की सभी ओपचारिकता पूरी करने के बाद निवेदन किया की ट्रांसफार्मर लगाया जाए। बिजली विभाग में पदस्थ एसडीओ आई खान ने बताया की इस पर 4 लाख का खर्च आएगा। जब मंजू भगत ने कार्यालय आकार पैसे देने की बात कही तो खान ने कहा की मैं सर्वे करने आऊंगा तभी पैसे ले लूंगा। 20 दिसंबर को घोराघाट जाकर खान ने प्रार्थी से दो लाख रुपए सुरेश राम नायक, हसीना बाई, हीरालाल राम, व सुरेश राम के सामने लिए। प्रार्थी के द्वारा जब ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही गई तो खान का कहना था की एक लाख तिरपन हजार तीन सौ दो रुपए का डीडी बनाकर कार्यालय में जमा करे। पूरे पैसे जामा करने के बाद भी पिछले चार महीने से खान द्वारा टाल मटोल किया गया। जब मंजू भगत द्वारा दिए गए दो लाख रुपए की रिसीव मांगने पर कहा गया की फाइल पास करने पर खर्च हो गया अब मुझे पचास हजार रुपए देने पर ही तुम्हारा काम हो पाएगा। जिला मुख्यालय के अधिकारी ही इस तरह के भ्रष्टाचार किया जाएगा तो बाकी जगहों पर अधिकारी क्या करते होंगे समझा जा सकता है।




**मामले की जांच की जाएगी**

अगर आई खान द्वारा किसी भी उपभोक्ता से ज्यादा पैसे लिया गया है या मांग की गई है तो जांच की जाएगी अगर आरोप सही पाया गया तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मामले में केवल डिमांड नोट में मांगी गई रकम ही जमा करानी होती है। इसके अलावा किसी तरह की कोई रकम नहीं ली जाती है।

**बीएन भगत,** कार्यपालन यंत्री सीएसपीडीसीएल जशपुर

# नशे के विरूद्ध पुलिस का महाअभियान





जब्त शराब व पुलिस गिरफ्त में आारोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**खास बात**

- 1300 लीटर अवैध शराब जप्त

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध नशीली वस्तुओं के बारे में पतासाजी कर प्रभावी कार्रवाई करने निर्देश के परिपालन में थाना कांसाबेल व थाना सन्ना में कार्रवाई करते आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहले प्रकरण में थाना कांसाबेल द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी गुड़ाकोनी सथईया उम्र 39 साल मूल निवासी टेकूलागुदेम जिला नलगोंदा (तेलंगाना) हाल-कांसाबेल के घर-आंगन में रखा नशीला ताड़ी विभिन्न जरकिन में 450 लीटर कीमती 18000 रूपए एवं बिक्री रकम 250 रूपए को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(घ), 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

कांसाबेल के दूसरे प्रकरण में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 14 एमएच-0311 से अवैध रूप से तस्करी कर ला रहे आरोपी 1-ईश्वर प्रसाद बेद उम्र 31 साल एवं 2-कृष्णा राम यादव उम्र 30 साल दोनों निवासी कुड़केलखजरी थाना कांसाबेल के कब्जे से अंग्रेजी शराब व्हीस्की एवं बीयर कुल 23 लीटर 340 एमएल कीमती 25000 रूपए एवं मोटर सायकल को जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी प्रकार थाना सन्ना द्वारा आबकारी एक्ट के 05 प्रकरणों में कार्यवाही कर पृथक-पृथक प्रकरण के आरोपीगण 1-पुरीमल राम उम्र 30 साल निवासी सन्ना के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब कीमती 1200 रूपए, 2-उर्मिला प्रजापति उम्र 28 साल निवासी मांझाटोली सन्ना के कब्जे से 13 लीटर महुआ शराब कीमती 1300 रूपए, 3- कलावती यादव उम्र 35 साल निवासी खूटाटांगर के कब्जे से 08 लीटर महुआ शराब कीमती 800 रूपए, 4- जगतपाल राम उम्र 33 साल निवासी कन्दराई के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब कीमती 1000 रूपए, 5- वेदप्रकाश यादव उम्र 25 साल निवासी मांझाटोली सन्ना के कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब कीमती 1100 रू, कुल जप्ती 54 लीटर महुआ शराब कीमती 5400 रूपए जप्त कर सभी प्रकरणों में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर (छग) ने जिला जशपुर के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा, एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

### अपर कलेक्टर ने ली राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने निर्वाचन संबंधी जानकारी के साथ आदर्श आचार संहिता के पालन किए जाने वाले नियमों की जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा में पेयजल, दरी, पंखा, पंडाल, फूल गुलदस्ता, खाद्य सामग्री जैसे चुनाव से संबंधित रेट लिस्ट को लेकर चर्चा की। उन्होंने प्रचार सामग्री, वाहन संबंधी अनुमति हेतु अनुमति लेने कहा और प्रचार प्रसार के लिए प्रयुक्त की जाने वाले बैनर में मुद्रा एवं प्रति का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाना आवश्यक है की जानकारी दी।

## जनहानि के पांच मामलों में 20 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के पांच मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हार बहार निवासी गुरवारी बाई का सर्पदंश से 01 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति सैनाथ हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फरसाबहार निवासी जगसाय राम भगत का कुआं के पानी में डुबने से 08 नवम्बर अक्टूबर 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुधनी, गंडियाडीह निवासी कृष्ण कुमार सिदार का तालाब के पानी में डुबने से 20 जनवरी 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता रामवती सिदार, ग्राम झारमुण्डा निवासी चंचला बाई की कुआं के पानी में डुबने से 03 मई 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के माता खतकुरी बाई एवं ग्राम सहसपुर निवासी राधिका बसौड़ का नाला के पानी में डुबने से 03 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका पिता राम साय हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# रौतिया समाज ने बख्तर साय व मुंडन सिंह की शहादत को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय के शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह रौतिया के शहादत दिवस पर गुरुवार को रौतिया समाज ने शहीद दिवस मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, प्रदेश कोषाध्यक्ष विद्याचरण सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री विजयबिहारी सिंह, जशपुर मंडल से मण्डल कार्यकारी अध्यक्ष बलराम राम, मण्डल सचिव अमित कुमार सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष सूरज सिंह, अजय सिंह, शिवनाथ राम, बालकृष्ण सिंह विश्वनाथ सिंह, नंदकिशोर बैगा, रामकृष्ण, शुतुल राम, रवि राम, विजय सिंह समेत समाज के अन्य लोग शामिल हुए। उन्होंने वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली देकर नमन किया। इस अवसर पर रौतिया समाज ने शहीद बख्तर साय, मुंडन सिंह की शहादत को याद करते हुए उनके योगदान को याद किया। ओमप्रकाश साय ने बताया शहीद बख्तर साय नवागढ़ पतराटोली बांसदेव कोना और मुंडन सिंह पनारी जिला गुमला (झारखण्ड) के जमींदार थे। वे रिश्ते में आजा नाती थे। दोनों में देश प्रेम, समाज प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी थीं। इतिहास के अनुसार 1812 ई में देश पर अंग्रेजों का हुकूमत चलता था। उनके खौफ से भारत देश भयभीत था। देश अंग्रेजों की गुलामी में थे। उसी दौरान अंग्रेजो ने वीर शहीद बख्तर साय नवागढ़ बासदेवकोना के पास कर वसूली के लिए अपना सैनिक भेजा। उस समय कर वसूल का विरोध कर वीरों ने अंग्रेजों का सिर धड़ से काट कर अलग कर दिया और उन्हें यह कहला भेजा कि हम भारत देश के वासी है तुम्हे कर नहीं देंगे। शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह से अंग्रेज हुकूमत थर्रा गई और भय से कांप उठे और उसके दमन के लिए अंग्रेज कैप्टन डोनल ने सैनिक लेकर बांसदेवकोना पहुंचे। शहीद बख्तर साय ने भी पहाड में अपना मोर्चा सम्भाला। उनके पास 500 सैनिक तथा अंग्रेजों के पास 5000 सैनिक थे। उन्होनें सभी सैनिकों को मार-काट कर धरासाई कर दिया। पूरा पहाड़ रक्त रजीत हो गया। लड़ाई ऐसा था, कि बख्तर साय को पकड़ने के लिए सैनिक पहाड़ में चढ़ते थे तो ऊपर से बड़े-बड़े पत्थर लुढ़काते और वहीं खून की नदी बह गई। आज भी उस जगह को रका तालाब के नाम से पुकारते हैं।



शहीदी दिवस मनाते रौतिया समाज।

**अंग्रेजों की चाल में फंसे शुरवीर:** अंग्रेज हुकूमत उनकी वीरता से तिलमिलाई और हजारों सैनिक बुलाया। पूरा पहाड़ बदूंकों की गोली से गरजने लगा लेकिन अंग्रेजों ने दोनों का कुछ नही बिगड़ सके। वीर बख्तर साय को अंग्रेजो के सैनिकों से घिरा सुनकर वीर मुंडन सिंह पनारी से उनके सहयोग के लिए बांसदेवकोना पहुंचे। दोनो वीरों ने अंग्रेज सेना को तबाह कर दिया। अंग्रेजों ने अपने को असफल देख एक कूटनीति चाल चली जहां का वें पानी पीते थे पानी की धारा में ऊपर की तरफ से गाय को मारकर पानी में फेंक दिए और पानी को अशुद्ध कर दिया। जिससे बांसदेवकोना के पहाड़ से दोनो वीर जुरतेला के पास डुगूल पहाड़ आ गये। कहते हैं राजा के सहयोग से उन दोनों वीरों को धोखा देकर अंग्रेजो से पकड़वाया गया और उहें कैद करके हजारीबाग होते हुए कलकत्ता के जेल में पहुंचाये और 04 अप्रैल 1812 ई को दोनो वीर को कलकत्ता के विक्टोरिया मेमोरियल हाल में फांसी की सजा दी गई।



होटल व ढाबा संचालको की बैठक लेते एसपी।

# पुलिस अधीक्षक ने ली होटल ढाबा संचालकों की बैठक

**पत्थलगांव।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा पत्थलगांव के होटल, ढाबा एवं लॉज संचालकों की थाना में बैठक लेकर पुलिस विभाग से सुरक्षा संबंधी उच्च समस्त मापदंड का पालन करने निर्देशित किया गया। निर्देशों का पालन नहीं किये जाने एवं अवैध गतिविधियां पाये जाने पर कड़ी वैधानिक कार्र्रवाई की चंताावनी दी गई।

होटल एवं लॉज संचालकों को रूकने वाले सभी मुसाफिरों की पहचान पत्र लेकर मोबाईल नंबर सहित उनका पूरा विवरण अनिवार्य रूप से रजिस्टर में संधारण करने हेतु कहा गया, साथ ही पहचान पत्र की जेरोक्स कापी अनिवार्य रूप से रखने हेतु कहा गया। मुसाफिरों से उनके आने का वास्तविक कारण, उनके कार्य इत्यादि के बारे में विस्तृत पूछताछ करने हेतु कहा गया। किसी भी प्रकार का अवैध गतिविधियों का संदेह होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाना में सूचित करने हेतु कहा गया। साथ ही संचालकों को उनके यहां किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों में सहभागिता नहीं बनने की चेतावनी दी गई। नाबालिग को बिना परिजन के रूकने हेतु व्यवस्था नहीं करने हेतु कहा गया। ढाबा संचालकों को अपने ढाबा में शराब नहीं रखने, शराब सेवन पर प्रतिबंध लगाने हेतु कहा गया। उक्त गतविधियां पाई जाती है तो कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उनके ढाबा में कोई अपराधी टाईप या संदेही व्यक्ति आया हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु कहा गया, ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके। ढाबा में अधिकतर बेतरतीब वाहन खड़े रहते हैं, इससे दुर्घटना होने की प्रबल संभावना रहती है, इसलिये निर्धारित पार्किंग स्थल का चयन कर वाहनों को खड़ी करने हेतु कहा गया। उक्त मीटिंग में पुलिस अधीक्षक जशपुर के अतिरिक्त, एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानूप्रताप चंद्राकर सहित पत्थलगांव के समस्त होटल, ढाबा एवं लॉज संचालक उपस्थित थे। शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा कहा गया है किः- जिले के समस्त होटल, ढाबा एवं लॉज संचालक अवैध गतिविधियों में सम्मिलित न हों, पुलिस का साथ देवें। किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां पाई जाती है।

## महंत के बयान की निंदा और जमकर की नारेबाजी

# विवादित बयान पर भाजपा ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा महंत मांगे माफी

पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान देने वाले कांग्रेसी नेता चरणदास महंत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर मुर्दाबाद का नारे लगाया।

विवादित बयान का घोर निन्दा करते हुवे भाजपा कार्यकर्ताओं ने महंत को माफी मांगने का बात भी कहा। ज्ञात हो कि गत दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश नेता और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर विवादित टिपण्णी किया था,जिसके बाद समूचे प्रदेश में महंत का पुतला दहन किया गया। इस क्रम में जशपुर शहर मंडल ने भी बस स्टैंड में महंत का पुतला दहन किया। यहां शहर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजीव ओझा और नितिन राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में बस स्टैंड में एकत्रित हुवे और चरण दास महंत का पुतला दहन करते हुवे जमकर नारेबाजी किए। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, रूपेश सोनी, फैज़ान सरवर खान, विजय सहाय, विकास सोनी, सज्जु खान, रविन्द्र पाठक, आकाश गुप्ता, विकास सोनी, अभ्युदय मिश्रा, पंकज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अमन सिंह,सत्यम सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




पुतला दहन करने के बाद नारेबाजी करते भाजपाई।

4- APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/4/2024 7:24 PM Page 1





# सलमान ने नहीं छोड़ी द बुल, फिर शुरू होगी शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है।

## लाइफ Style

# उर्वशी
## ट्रोल होने पर दी सफाई



मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं। इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं।

एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अरबपतियों की लिस्ट में हुई शामिल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने 1.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहली बार फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची में प्रवेश किया है। टेलर स्विफ्ट, केवल अपने गीतों और प्रदर्शन के आधार पर अरबपति का दर्जा हासिल करने वाली पहली संगीतकार हैं, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है। टेलर की नेटवर्थ करीब 35 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। अपने व्यापक गीत लेखन कैटलॉग के अलावा, टेलर स्विफ्ट ने इतिहास में पहला अरब डॉलर का दौरा भी आयोजित किया है।



# मेगन ने प्लास्टिक सर्जरी पर किया खुलासा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार मेगन फॉक्स ने बताया कि उन्होंने कौन-कौन सी प्लास्टिक सर्जरी करवाई और कब। वह बोलीं, 'जब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मैंने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद इनकी दोबारा सर्जरी करवाई। इसके बाद अब हाल ही मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मेरी बॉडी पर इतना फैट नहीं था कि इम्प्लांट को छुप सके। इसलिए मुझे बदलवाकर ऐसे इम्प्लांट लगवाने पड़े, जो सेट हो सकें।' उन्होंने बताया, मैंने कभी भी किसी भी तरह का फेस लिफ्ट नहीं करवाया। न कोई मिड लिफ्ट और ना ही लेटरल ब्रो लिफ्ट। हालांकि मैं एक रेगुलर आइब्रो लिफ्ट चाहूंगी या शायद नहीं भी। मैंने कभी थ्रेडिंग नहीं करवाई और मैंने उस पर काफी रिसर्च भी किया है। मुझे ऐसा लगता है कि इसका कोई फायदा नहीं है।



# सिटाडेल में अलग तरह का एक्शन : सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।



# शाहिद ने किया देवा का नया पोस्टर शेयर

**मुंबई।** शाहिद कपूर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर में से एक हैं। चाहे वह उनका लुक हो, उनकी एक्टिंग स्किल्स और धमाकेदार डांस स्टेप्स इसे दर्शकों के लिए और अधिक लुभावना बनाते हैं। अब अपनी आगामी फिल्म देवा के बारे में शाहिद कपूर ने पोस्ट शेयर किया, एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म देवा से तस्वीरें शेयर कीं। जिसे देख कर फैंस अपना उत्साह नहीं रोक सके और कमेंट बॉक्स में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'डेंजरस लग रहे हैं देवा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आग बोले तो देवा'। शाहिद हाल ही में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। यह फिल्म एक अजब प्रेम कहानी को दर्शाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दायरे में उतरती है।

# प्रियंका की नई फिल्म टाइगर की रिलीज डेट आई सामने



मुंबई। ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। इस बीच अब प्रियंका ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम 'टाइगर' है। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म टाइगर का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया हैं, जो कि भारत के जंगलों पर आधारित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अंबा है एक कालातीत विरासत वाला बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता इतने शानदार ढंग से चमकता है। इस खूबसूरत परिवार पर 8 साल तक इस फिल्म की शूटिंग की गई। प्रियंका ने कहा, इस अविश्वसनीय कहानी को अपनी आवाज देने और इस फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करने में मुझे बहुत मजा आया।



# साइलेंस 2 का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** एक्टर मनोज बाजपेयी इस समय अपनी बैक टू बैक फिल्मों को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर बहुत जल्द फिल्म 'भैया जी' और 'साइलेंस 2' में नजर आने वाले हैं। इस बीच अब मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस 2' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया हैं। जिसमें एक्टर एसीपी अविनाश वर्मा की भूमिका फिर से निभाते हुए नजर आ रहे हैं। साइलेंस 2 के ट्रेलर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की आवाज से होती है, जिसमें वह एक दोहा कह रहे हैं। इसके बाद फिर एक हत्या होती है और मामला जांच के लिए उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंप दिया जाता है जांच के दौरान काफी शव मिलते हैं और हत्यारा फरार हो जाता है।

# हीरामंडी का गाना तिलस्मी बाहें रिलीज, सोनाक्षी ने दिखाईं अदाएं

मुंबई। संजय लीला भंसाली की आगामी सीरीज 'हीरामंडी' का एक और गाना बुधवार को रिलीज हो गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा दर्शकों पर जादू चलाती नजर आ रही हैं। सीरीज का पहला गाना 'सकल बन' काफी पसंद किया गया। आज दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' भी सामने आ चुका है। 'तिलस्मी बाहें' गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा अपने अभी तक के सबसे अनोखे अवतार में नजर आईं हैं। 'तिलस्मी बाहें' में 'फरीदन' के रोल में सोनाक्षी सिन्हा ने मुजरे को फिर से जिंदा कर दिया है। इस गाने में शिमरी गोल्डन रंग की साड़ी पहने हुए सोनाक्षी सिन्हा एक महफिल में बैठकर गाना शुरू करतीं हैं, जिसमें कई लोग उनके आसपास नजर आ रहे हैं। जहां लोग उनकी खूबसूरती पर फिदा नजर आ रहें हैं, वहीं फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) कभी टेबल पर डांस करतीं हैं, तो कभी किसी की बाहों में अपने डांस मूव्स करके लोगों को मदहोश करती दिखाई दीं। इस गाने को शर्मिष्ठा चटर्जी ने अपनी आवाज दी है।



## 1960 में बंगाली फिल्मों से दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था डेब्यू

# शर्मिला ने किया फिल्मों में अपनी पहली फीस का खुलासा

एजेंसी ⏭ मुंबई

शर्मिला टैगोर सिनेमा की दुनिया में वो नाम हैं, जिनकी खूबसूरती और अदाकारी के चर्चे तब भी थे और आज भी उनकी शालीनता मन मोह लेती है। सैफ अली खान मां शर्मिला टैगोर तब महज 14 साल की थीं, जब उन्होंने फिल्मों में डेब्यू किया था। दो बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी एक्ट्रेस को पहला मौका दिग्गज फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने अपनी बंगाली फिल्म 'देवी' में दिया था। भारत सरकार से 2013 में पद्म भूषण सम्मान पा चुकी शर्मिला ने अपने एक नए इंटरव्यू में फिल्मों की फीस को लेकर मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने अपनी पहली फीस भी बताई है और ये भी कि उसे उन्होंने कहां खर्च किया था।



### पहली फिल्म के लिए मिले थे 5 हजार साड़ी और घड़ी

शर्मिला कहती हैं, 'मैंने काफी कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, तब फीस उतनी शानदार नहीं थी जितनी अभी है, लेकिन तब चीजों की कीमत भी इतनी अधिक नहीं थी। अपनी पहली फीस के बारे में बताते हुए शर्मिला ने कहा, मेरे पिता पैसों में कोई दिलचस्पी नहीं रखते थे, लेकिन सत्यजीत रे ने जोर दिया था। उन्होंने फिर भी तब मुझे एक साड़ी दी, एक घड़ी दी और 5 हजार रुपए दिए।

### पहली फीस से खरीदे थे गहने

अपनी पहली कमाई के खर्च का ब्योरा देते हुए शर्मिला टैगोर ने बताया, 'एक बंगाली परिवार से होने के नाते, पैसे मिलते ही हम सोने-चांदी की दुकान पर गए। हमने सोने की चूड़ियां खरीदीं, एक हार खरीदा और बालियां खरीदीं। हालांकि पैसे कम थे, लेकिन तब चीजें इतनी महंगी भी नहीं थीं। शर्मिला टैगोर ने आगे बताया कि उनकी शुरुआती बंगाली फिल्मों के दौरान उन्हें लगभग 10 हजार-15 हजार रुपए फीस के तौर पर मिलते थे। लेकिन उनकी पहली हिंदी फिल्म के लिए उन्हें 25 हजार रुपए फीस मिली थी। साल 1964 में उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कश्मीर की कली' थी, जिसका निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था।

### डायरेक्टर ने कहा- मैं आपको जमीन खरीदकर दे देता हूं

शर्मिला टैगोर याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें शक्ति आनंद की दो फिल्मों के लिए 25-25 हजार रुपए मिलने थे, लेकिन डायरेक्टर ने उन्हें तब दूसरी फिल्म के लिए फीस के बदले एक जमीन खरीदकर देने की पेशकश की। दिग्गज एक्ट्रेस ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें पैसे देने के बजाय क्यों ना मैं तुम्हें थोड़ी जमीन दे दूं, जो विले पार्ले है। मैंने कहा इस पर कहा कि क्या आप पागल हो? क्या मैं इस दलदल में आकर रहने वाली हूं? यह 1963 की बात है।

### 3 लाख में खरीदा पहला अपार्टमेंट

'वक्त' और 'अनुपमा' जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाली शर्मिला बताती हैं कि उन दिनों उन्होंने मुंबई में अपार्टमेंट तक नहीं लिया था। वह कुछ साल तक ताज महल होटल में रहीं, क्योंकि वहां उन्हें साफ-सफाई यानी हाउसकीपिंग की चिंता नहीं थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'कुछ वर्षों के बाद, जब मुंबई ही मेरा ठिकाना बन गया, तब अपना पहला अपार्टमेंट 3 लाख रुपए में खरीदा। तब इसके लिए पैसे जमा करने में खूब स्ट्रगल करना पड़ा था। रुपए की व्यवस्था करना बहुत कठिन काम था, क्योंकि उस समय हम बहुत ज्यादा टैक्स चुका रहे थे, इसलिए पैसे बचाने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

4-APR- RAG-Bhoomi pg 4_Layout 1 4/4/2024 9:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### लिटिल एंजिल स्कूल के छात्र वंदना व आयुष का नवोदय में चयन

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र में संचालित लिटिल एंजिल इंग्लिश मिडियम स्कूल के छात्रों का प्रतिवर्ष नवोदय स्कूल में चयन होता आ रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी विद्यालय के दो छात्रों आयुष साव और वंदना गुप्ता का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। उक्त स्कूल के प्रबंधन प्रमुख दुष्यंत प्रधान के मुताबिक पुसौर क्षेत्र उडीया भाषा भाषी है जहां उडीया कल्चर का ज्यादातर उपयोग होता है इसे भी ध्यान में रखकर हमारा स्कूल प्रबंधन प्रत्येक उडीया सनातनी गतिविधि के मद्देनजर आये दिन वो आयोजन करती रहती है जिससे तालिया ही नहीं बटोरी जाती बल्कि शिक्षा और संस्कार के वो कम्बिनेश्न देखने को मिलता है जिसमें कि यहां का उत्तीर्ण छात्र कभी कभी अपनी आजिविका के लिये किसी से मोहताज नहीं हो सकता।




### नालियों पर बने कब्जे हटाने के एसडीएम ने दिए निर्देश



**सारंगढ़।** आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ ने नगरपालिका परिषद के अधीन सारंगढ़ शहर के सफाई व्यवस्था का सुबह जायजा लिया। उन्होंने वार्ड 08, 13 और 15 के सड़कों और नालियों का अवलोकन किया। साथ ही सभी स्थानों पर सफाईकर्मियों से नालियों को साफ कराया। एसडीएम श्री जैन ने कई नाली में कचरा फंस जाने और उस पर कब्जा होने से सफाई नहीं होने के कारण को देखते हुए सीएमओ को नालियों के ऊपर किए गए कब्ज़ा को हटाने के निर्देश दिए।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश पांडेय, सफाई दारोगा मोहन मरावी, पीआईयू आकाश पांडेय, आलोक मिश्रा उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता व अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा समारोह

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में हरित सेवा समिति अध्यक्ष व कियोस्क शाखा के संचालक सीताराम चौहान द्वारा अपने टीम के साथ महापुरूषों के जन्म जयंती एवं उनके पुण्यतिथियों को एक समारोह के साथ आए दिन संपन्न किया जाता रहा है ताकि लोगों के जेहन में उनके बलिदान एवं अवदान जिवित रहे। बीते विधान सभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर एक हस्ताक्षर अभियान इनके द्वारा चलाया गया था जिसमें इन्हें तात्कालीन कलेक्टर द्वारा सम्मान भी प्राप्त हुआ था। बहरहाल लोक सभा चुनाव में भी इनके द्वारा एक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताविक 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती होने से इनकी जन्म जयंती को को एक पखवाडा के रूप में मनाने इसे 1 अप्रेल से प्रारंभ कर दिया गया है जिसके लिए बस स्टैण्ड में पंडाल है और जगह जगह होडिंग भी लगाई गई है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय बदला

**रायगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 8 अप्रैल से 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे किया गया है। इसी तरह केन्द्र संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक होगा। जिले में 2706 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

### शराब के पुराने स्टाक की भी नए रेट पर होगी बिक्री

**रायगढ़।** राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल से मदिरा में वृद्धि करते हुए मदिरा विक्रय दर सूची जारी की गई है। सहायक आयुक्त आबकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार देशी मदिरा के प्रचलित क्वार्टर के मूल्य में 12.5 प्रतिशत, विदेशी मदिरा में प्रचलित चीपर रेंज के क्वार्टर के मूल्य में 8 प्रतिशत, जबकि विदेश से आयातित बोर्न इन ओरिजिन कतिपय प्रचलित ब्रांड के मूल्य में 45 प्रतिशत और इससे भी अधिक तक की वृद्धि की गई है।

## वन अधिकार पट्टाधारी मजदूरों को भी मिला 200 दिनों का काम

# 9226 मजदूरों को 150 व 198 को 200 दिनों का मिला रोजगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत काम करने वाले 9 हजार 424 मजदूरों को 100 दिनों, 9 हजार 226 मजदूरों को 100-150 दिनों का तथा 198 मजदूरों को 150-200 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

गौरतलब है कि मनरेगा के तहत केन्द्र सरकार द्वारा 100 दिनों का रोजगार मजदूरों को दिया जाता है। इसके अलावा 100 से 200 दिनों तक का रोजगार देने की योजना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। ऐसे में जिन मजदूरों ने 100 से लेकर 200 दिनों तक काम किया है, उन्हें मेहनताना भी राज्य केन्द्र देती है, यानी 100 दिनों तक काम करने पर केन्द्र सरकार की ओर से इन मजदूरों को मेहनताना मिलता है, इसके अलावा भी 100 से 200 दिनों तक काम करने पर राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त मेहनताना दिया जाता है। इसके साथ ही जिन लोगों को वन अधिकार पट्टा प्रदान किया गया है, वे लोग भी मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में काम करते हैं। आंकड़ों की बात करें तो वन अधिकार पट्टा प्राप्त 1 हजार 78 मजदूरों को 100 दिनों के काम के एवज में मजदूरी प्रदान करने का लक्ष्य था, जिसके विरूद्ध 1 हजार 62 मजदूरों को 100 से 200 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

#### 98 फीसदी वनाधिकार पट्टाधारियों को मिला काम

जानकारी के अनुसार 1 हजार 78 वनाधिकार पट्टाधारियों के विरूद्ध 1 हजार 62 मजदूरों को मनरेगा के तहत बीते एक साल में काम मिला है। इसे प्रतिशत में देखें तो करीब 98.52 फीसदी को काम मिलने के साथ ही मजदूरी भुगतान की गई है।

#### 3 साल काम नहीं किया तो होते हैं इनएक्टिव

इस संबंध में बताया गया कि यदि कोई मजदूर लगातार 3 वर्षों तक मनरेगा के तहत काम नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में साफ्टवेयर ऑटोमेटिक ही उन्हें इनएक्टिव कर देता है।

#### आचार संहिता में घटी मजदूरों की संख्या

वहीं बताया जा रहा है कि वर्तमान में करीब 1 लाख 73 हजार मजदूर एक्टिव हैं। किंतु काम करने वाले मजदूरों की संख्या में कमी आई है। हालांकि इस कमी के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से स्टेशन पर हलाकान हो रहे यात्री



**रायगढ।** गर्मी शुरू होते ही यात्री ट्रेनों की रफ्तार भी कम होने लगी है, साथ ही अब स्कूलों की छुट्टी लगने वाली है, जिसको लेकर कई पालक अब अपने गांव जाने लगे हैं, जिसके चलते जहां ट्रेनों में वेटिंग बढ़ गई है तो वहीं घंटों विलंब से चलने के कारण बच्चों के साथ महिला व बुजुर्गों को भी परेशान होना पड़ रहा है। वहीं विगत लंबे से समय साउथ बिहार एक्सप्रेस को विस्तार को लेकर मांग चल रहा थाए जिससे विगत दो माह पहले ही रेलवे विभाग द्वारा इस ट्रेन को आरा तक विस्तार किया गया है।

जिससे यह ट्रेन पहले दुर्ग से राजेंद्रनगर तक चलती थी, लेकिन अब विस्तार होने के बाद आरा तक जा रही है। ऐसे में जब से इसका विस्तार हुआ है, तब से किसी भी दिन समय से नहीं पहुंची है। वहीं अब तो हद ही हो गई है, क्योंकि विगत 15 दिन से साउथ बिहार एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 6 से 7 घंटा देरी से आ रही है, जिसके चलते इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी में स्टेशन में बैठकर समय काटना पड़ रहा है। जिसको लेकर अब लोगों में आक्रोश देखने लगा है। वहीं यात्रियों का कहना है कि विगत रेलवे विभाग यात्री गाडियों के परिचालन को प्रभावित कर मालगाडियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। जिससे स्टेशन से एक यात्री गाड़ी निकलती है तो तीन चार मालगाड़ी निकल रही है। वहीं बुधवार को सुबह से ही रायगढ़ स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरा हुआ थाए लेकिन ट्रेनों का परिचालन लेट लतीफी होने के कारण तेज धूप व गर्मी से यात्री बेहाल नजर आए।

गौरतलब हो कि जोन के अंदर चलने वाली ट्रेन हो या जोन के बाहर सभी ट्रेनें विलंब से चल रही है। ऐसे में बुधवार को बिलासपुर से चलकर टिटलागढ़ तक जाने वाली टिटलागढ़ पैसेंजर एक घंटा देरी से रायगढ़ पहुंची। वहीं कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस के रायगढ़ पहुंचने का समय सुबह 9.25 बजे है लेकिन यह ट्रेन 11.13 बजे पहुंची, हमसफर एक्सप्रेस भी तीन घंटा देरी से दोपहर करीब 1.21 बजे पहुंची। ऋषिकेश से चलकर पुरी तक जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस का रायगढ़ में समय है 11.28 बजे लेकिन विलंब से चलने के कारण शाम करीब 4.40 बजे पहंची है। इसके साथ ही दुर्ग से चलकर आरा तक जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस भी सात घंटा देरी से करीब 7.31 बजे रायगढ़ पहुंची है। इसके साथ ही गोंदिया झारसुगुड़ा फास्ट पैसेंजर दो घंटा देरी से रायगढ़ पहुंचीए इसी तरह आरा से चलकर दुर्ग तक जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस का रायगढ़ में पहुंचने का समय 2.22 बजे है, लेकिन विलब होने के कारण रात करीब 11 बजे तक पहुंचने की बात कही जा रही थी।

# तमनार में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**तमनार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लैलूँगा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 3 अप्रेल को तमनार में हजारों युवा महिला वरिष्ठगण शामिल हुए। लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज ने कहाकि भाजपा मोदी सरकार द्वारा भाजपा मोदी सरकार द्वारा 10 साल कार्यकाल में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ के साथ ऐतिहासिक कार्य किया गया है। भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने दृढ़ संकल्पित हैएलोकसभा चुनाव भारत देश की राजनीति व विकास की दिशा तय करेगी। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी व विष्णुदेव साय की सुशासन से सर्वांगीण विकास हो रहा है। पूर्व सांसद गोमती साय ने कहाकि मुझे जनता ने देश की सबसे बड़ी पंचायत में सेवा करने का अवसर दिया जब प्रदेश में हमारी सरकार नही थी मैने 8 विधानसभा के कार्यकर्ताओं को सरकार न होने का दंश नही झेलने दिया यथासम्भव समर्थ के अनुसार कार्य करती रही। मैं आज इस मंच के माध्यम से विश्वास दिलाती हूं कि हमारे राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रत्याशी राधेश्याम राठिया जनता की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे। सम्मेलन में वरिष्ठ नेता गिरधर गुप्ता, देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया गया।

### शराबी युवक की लू लगने से मौत

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम बादिमाल निवासी सन्यासी खडिया पिता चैनु खडिया उम्र 34 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करने वाला उक्त व्यक्ति का शव बीते मंगलवार को बरपाली गौठान के पास मिलने की खबर सामने आया जिससे पुसौर पुलिस प्रमुख आर के बंजारे के मार्गदर्शन में थाना में पदस्थ स्टाफ जाकर शव को सुपुर्द में लिया और उसका पोस्टमार्टम कराया जाकर उसे विवेचना में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सन्यासी खडिया अपने 2 बच्चों व पत्नी का भरण पोषण करता था कुछ वर्ष पूर्व उसकी पत्नी इन्हें छोडकर चली गई है जिससे अपने दो बच्चों को अपने माता पिता एवं अपने भाई के सहारे इनका लालन पालन कर रहा था। आस पास के लोगों का कहना है कि सन्यासी बिते रविवार को बरपाली गया था जहां इसे कई लोग देखें थे। पुलिस के अनुसार सन्यासी का शव 2 दिन पुराना होना बताया जा रहा है और यह कयास लगाया जा रहा है कि अधिक शराब के सेवन से खरी दोपहर में ग्राम बरपाली से बादिमाल आने के बीच इसका संतुलन बिगडा और वहीं पसर गया और इस प्रकार लंबे समय तक धूप लगने से लू लगी और पानी की कमी से इसकी मौत हो गई।



# तमनार में मतदान दलों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तिथि की घोषणा होने के साथ ही रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के तहसील तमनार अंतर्गत आने वाले 560 शासकीय कर्मचारी को मतदान दल के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में तहसील तमनार के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक प्रति दिन 11 से 5 बजे तक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विधान सभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान दल में पुरुष एवं महिला कर्मचारी शामिल हैं जिनको मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान की पूरी प्रक्रिया एवं का संचालन के साथ.साथ मतदान से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है। तमनार तहसीलदार रिचा सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा एवं विधान स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के उपस्थिति में इन दलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है इसके उपरांत अगले चक्र में इन मतदान दल के कर्मचारियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।



# धूमधाम से उत्कल दिवस का आयोजन



**रायगढ़।** 01 अप्रैल को उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति ने पुलिस लाइन स्थित नीलाचल भवन में उत्कल दिवस धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम सायं 7 बजे प्रारंभ हुआए इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रभु जगन्नाथ का विधिवत पूजन अर्चन कर किया गया।

मंच पर समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुचित्रा त्रिपाठी, सचिव देवेश षड़ंगी, समाज के वरिष्ठ सदस्य श्रीमती जया षड़ंगी, ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ.केएन पटेल, जगन्नाथ मंदिर न्यास के प्रबंध न्यासी डॉ. दिनेश षड़ंगी और उत्कलिका अध्यक्ष श्रीमती विपुला मिश्रा उपस्थित रहीं। मंच पर आसीन समिति के पदाधिकारियों और गणमान्य जनों के स्वागत के पश्चात श्रीमती पुष्पांजलि दास ने अपने मधुर स्वर में वंदे उत्कल जननी का गायन किया। तत्पश्चात समिति की विभिन्न इकाइयों के लेखा जोखा प्रस्तुति और वार्षिक प्रतिवेदन के वाचन की कड़ी में सर्वप्रथम नवगठित स्पोर्ट्स क्लब के प्रतिवेदन का वाचन राजीव नयन मिश्रा, पंडित भवानी शंकर षड़ंगी विद्यालय का प्रतिवेदन वाचन शाला विकास समिति उपाध्यक्ष नगेन्द्र आचार्य, जगन्नाथ मंदिर का प्रतिवेदन वाचन न्यास के कोषाध्यक्ष नारायण मिश्रा, उत्कलिका का प्रतिवेदन वाचन उत्कलिका अध्यक्ष श्रीमती विपुला मिश्रा ने किया। मंचीय उद्बोधन की कड़ी में श्रीमती जया षड़ंगी ने समिति की विभिन्न इकाइयों का परिचय दिया वहीं डॉ.के एन पटेल ने समाज के सदस्यों को प्रत्येक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की वहीं जगन्नाथ मंदिर न्यास के प्रबंध न्यासी डॉण दिनेश षड़ंगी ने अपने उद्बोधन में उत्कल संस्कृति का परिचय देते हुए प्राचीन वास्तु कला के बारे में बताया। समिति के सचिव देवेश षड़ंगी ने समिति के संघर्ष के दिनों के बारे में विस्तार से बताते हुए सबको सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आने को कहा। इस अवसर पर श्री कृष्ण लाल मिश्रा ने वृक्ष बचाओ अभियान पर अपनी कविता का पाठ किया।

### 105 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ।** सारंगढ थाना कोतवाली से सउनि सुनीता अजग्गले प्रधान आरक्षक जगदीश खुटे, आरक्षक 107 एवं सायबर सेल से प्रधान आरक्षक विक्कू सिंह ठाकुर, आरक्षक विमल जांगड़े के द्वारा ग्राम कोतरी में सुरज जांगड़े पिता बसंत लाल जांगडे के घर में कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में निर्माण कर बिक्री करने की सूचना मिलने पर रेड कार्यवाही किया गया। जहाँ सुरज जांगडे पिता बसंत लाल जांगडे के घर के पीछे हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 105 लीटर कीमती करीब 21 हजार रूपए के साथ शराब परिवहन करने के लिए उपयोग करने वाले एक मोटर सायकल को जब्त कर आरोपी गण सुरज जांगडे एवं उसके सहयोगी डमरूधर ऊर्फ पिन्टु साहू ग्राम कोतरी को आबकारी एक्ट अंतर्गत अपराध करना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्र. 0/अ-2/23-24
ग्राम कसैया पटवारी हल्का नं. 14

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम प्रसाद साहू पिता पंचराम जाति तेली निवासी बिजारी तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ द्वारा ग्राम कसैया प.ह.नं. 14 तहसील घरघोड़ा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि :-
खसरा नंबर 424/4 रकबा 0.101 हे. योग 1 रकबा 0.101 हे. रकबा 0.101 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है एवं जिसकी सुनवाई दिनांक 25.04.2024 को नियत है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो नियत दिनांक तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01.04.2024 को हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)
घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्र. 0/अ-2/23-24
ग्राम कसैया पटवारी हल्का नं. 14

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगन्नाथ साहू पिता पंचराम जाति तेली निवासी बिजारी तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ द्वारा ग्राम कसैया प.ह.नं. 14 तहसील घरघोड़ा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि:-
खसरा नंबर 424/3 रकबा 0.101 हे. योग 1 रकबा 0.101 हे. रकबा 0.101 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत छ0ग0 भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है एवं जिसकी सुनवाई दिनांक 25.04.2024 को नियत है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो नियत दिनांक तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01.04.2024 को हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)
घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

## सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 31 जुलाई तक बिना अनुमति नलकूप खनन प्रतिबंधित

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिला को आगामी 31 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।

छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 क्रमांक 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। जिले के सभी नागरिकों को अपने नगर अथवा ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

